प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 72/2024)

तत्काल प्रकाशन हेतु

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

भादूविप्रा द्वारा दूरसंचार नियामकों का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर, 2024: भादूविप्रा द्वारा नई दिल्ली में विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए-24) और भारत मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी-24) के अवसर पर दूरसंचार विनियामक सम्मेलन का एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

2. इस सम्मेलन का उद्घाटन संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्रालय के राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी जी ने एक बड़ी संख्या में उपस्थित प्रतिभागी वाले उद्घाटन सत्र में किया। उद्घाटन सत्र में उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) की महासचिव सुश्री डोरेन बोगदान-मार्टिन, जीएसएमए के महानिदेशक श्री मैट्स ग्रैनरीड, भादूविप्रा के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार लाहोटी और भादूविप्रा के सचिव श्री अतुल कुमार चौधरी शामिल थे।

3. यह सम्मेलन '**विनियमन में उभरते रुझान**' विषय पर आधारित था। विश्व भर से कई प्रतिष्ठित वक्ताओं, जो अपने-अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ हैं, ने कई महत्वपूर्ण तकनीकी और विनियामक संबंधी मुद्दों पर बात की और विचार-विमर्श किया। सम्मेलन में तीन सत्र थे और प्रत्येक सत्र बहुत महत्वपूर्ण और वर्तमान विषयों पर आधारित था और सत्र बहुत ही आकर्षक एवं रोचक थे तथा सभी सत्रों में बहुत विस्तार से विचार-विमर्श और चर्चाएँ हुईं।

4. प्रथम सत्र का शीर्षक था '**मानकीकरण में विनियामक परिप्रेक्ष्य**', जिसमें कई ज्वलंत विषयों जैसे मानक विकास में विनियामक की भूमिका, विनियामकों के लिए एक उपकरण के रूप में मानक, डिजाइन द्वारा गुणवत्ता सेवा, उपभोक्ता-केंद्रित दृष्टिकोण आदि पर चर्चा की गई।

5. **द्वितीय** सत्र का विषय "**अन्य गैर-स्थलीय नेटवर्क सहित उपग्रह संचार के विनियामक पहलू**" था। इस सत्र में जिन विषयों पर चर्चा की गई उनमें उभरते तकनीकी विकास, गैर-स्थलीय नेटवर्क (एनटीएन) के परिनियोजन मॉडल और उपयोग-मामले, मानकीकरण पहल, सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी चिंताएँ, आर्थिक और सामाजिक प्रभाव आदि शामिल थे।

6. तृतीय सत्र का विषय "**ओटीटी संचार सेवाओं का विनियामक दृष्टिकोण**" था जिसमें ओवर-द-टॉप (ओटीटी) संचार सेवाओं से संबंधित कुछ जटिल विनियामक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस सत्र में ओटीटी विनियमन की आवश्यकता, उपभोक्ता संरक्षण मुद्दे, कानून प्रवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दे आदि जैसे मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

7. इस सम्मेलन को दुनिया भर के विनियामकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जो प्रतिष्ठित **डब्ल्यूटीएसए**-24 और **आईएमसी**-24 सम्मेलनों में भाग लेने के उद्देश्य से नई दिल्ली में एकत्रित हुए थे। इस सम्मेलन के लिए 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधिमंडलों ने पंजीकरण कराया और 150 से अधिक प्रतिभागियों ने सम्मेलन में भाग लिया, जिसमें लगभग 80 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि, 15 प्रमुख विनियामकों/मंत्रियों और दूरसंचार उद्योग के हितधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले घरेलू प्रतिभागी शामिल थे।

8. सम्मेलन के उद्घाटन सत्र के दौरान सऊदी अरब के आईसीटी विनियामक संचार, अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी (सीएसटी) और भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (**भादूविप्रा**) के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

9. सम्मेलन का समापन विश्व भर के विनियामकों से उभरती प्रौद्योगिकियों और सेवाओं द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए सहयोग करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के आह्वान के साथ हुआ।

किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, सुश्री वंदना सेठी, सलाहकार (प्रशासन/ओआर) से advadmn@trai.gov.in **पर संपर्क किया जा सकता है।।**

हसता०/
(अतुल कुमार चौधरी)
सचिव, भादूविप्रा

*****